भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **4782** जिसका उत्तर
शुक्रवार, 20 मार्च, 2026/29 फाल्गुन, 1948 (शक) को दिया जाना है

केरल में अंतर्देशीय नौवहन

†4782. श्री राजमोहन उन्नीथन :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि नवघोषित बीस राष्ट्रीय जलमार्गों में केरल को शामिल नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या पश्चिम तट नहर प्रणाली के विकास के लिए बजटीय आवंटन निर्धारित किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या केरल में अंतर्देशीय नौवहन की संभावनाओं का औपचारिक आकलन किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) केरल को राष्ट्रीय अंतर्देशीय जल परिवहन नेटवर्क में एकीकृत करने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): बजट भाषण के दौरान, भारत की माननीय वित्त मंत्री ने अगले 5 वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) के प्रचालन की घोषणा की। प्रचालन के लिए चिन्हित 20 राष्ट्रीय जलमार्गों में, रा.ज.-5 सहित, 2 जलमार्ग नामत: एवीएम नहर (रा.ज.-13) और वैक्कम-कोट्टायम नहर (रा.ज.-59), केरल में हैं।

(ख): केरल में पश्चिमी तट नहर, जिसमें रा.ज.-3, रा.ज.-8, रा.ज.-9, रा.ज.-13 और रा.ज.-59 शामिल हैं, सहित राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 में 68.95 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

(ग): मेसर्स रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (आरआईटीईएस) द्वारा तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में रा.ज.-3 के विकास हेतु केरल में अंतर्देशीय नौचालन की संभावनाओं का आकलन किया गया है। केरल में रा.ज.-8, रा.ज.-9 और रा.ज.-59 के विकास के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तथा डीपीआर तैयार की गई हैं।

(घ): केरल में मौजूदा राष्ट्रीय जलमार्गों अर्थात रा.ज.-3 (पश्चिमी तट नहर), रा.ज.-8 (अलप्पुझा-चंगनासेरी नहर), रा.ज.-9 (अलप्पुझा-कोट्टायम-अथिरामपुझा नहर) और रा.ज.-59 (वैक्कम-कोट्टायम नहर) के अतिरिक्त, केरल को राष्ट्रीय अंतर्देशीय जल परिवहन नेटवर्क से एकीकृत के लिए रा.ज.-3 का कोझिकोड तक विस्तार भी राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित किया गया है।

*****